Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to grant patta to people dwelling in reserve forest areas in Bharuch Parliamentary Constituency, Gujarat.

श्री मनसुखभाई धनजीभाई वसावा (भरूच): महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र भरूच के अन्तर्गत एवं नर्मदा में रिजर्व फारेस्ट एरिया के लोग मौलिक सुविधाओं से वंचित हैं । उन लोगों को यातायात के लिए सड़कों का आभाव है और उनके खेतों को पानी नहीं मिलता है । उनके बच्चे स्कूल के अभाव में शिक्षा प्राप्त करने में असमर्थ हैं । इसका कारण यह है कि वन संबंधी जो कानून हैं, उनके कारण सड़कें नहीं बन पाती हैं, स्कूल नहीं बन पाते हैं तथा सिंचाई के लिए चैकडैम नहीं बन पाते हैं ।

केन्द्र सरकार का कहना है कि विकास संबंधी कार्यों में कोई देरी नहीं होती है, परन्तु मेरे संसदीय क्षेत्र में आदिवासियों की मौलिक सुविधाओं के लिए जो निर्माण कार्य होने हैं उन्हें अभी तक स्वीकृति नहीं मिली है । इन सबके कारण वनों में रहने वाले वनवासी लोग शहर जैसी सुविधाओं से वंचित हैं । हमारे क्षेत्र में वनभूमि के पट्टों का अधिकार कई लोगों को नहीं मिल पा रहा है ।

मेरा सरकार से इस संबंध में आग्रह है कि आदिवासियों को तत्काल वन भूमि के पट्टों का अधिकार दिया जाए ।